





नवभारत
भोपाल, सोमवार, 24 अगस्त, 2026


## एक नजर में



### जन विश्वास शिविर में आए 16 आवेदन किया तुरंत निराकरण

**इछावर.** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत भांउखेड़ी में जन विश्वास शिविर आयोजित किया गया. जिसमें ग्राम वासियों ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को गांव की नालियों एवं आंतरिक मार्गों की समस्याओं से अवगत कराया. जिस पर अधिकारियों ने त्वरित निराकरण के निर्देश दिए. शिविर में विभिन्न समस्याओं के कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए. 15 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया. शिविर में एसडीएम श्रीमती स्वाति मिश्रा, तहसीलदार गजेंद्र लोधी, जनपद सीईओ सुश्री रूषाली पोरस सहित ग्राम के सरपंच और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.




### आईईएस के छात्रों ने विज स्पेल बी में हासिल की टॉप रैंक

**सीहोर.** आईईएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की स्पेल बी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया. विद्यालय के पांच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों जय जैन, दक्ष चौहान, वेद वर्मा, अदिति चतुर्वेदी एवं याजत वर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त कर प्रतिभा का परिचय दिया. अंग्रेजी शब्दों की शुद्ध वर्तनी, उच्चारण और शब्द-ज्ञान पर आधारित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया. इस उपलब्धि पर प्रोफे. श्रीमती मनीषा कवाथेकर ने छात्रों को बधाई दी साथ ही बताया के स्कूल हर प्रकार से छात्रों के विकास एवं प्रगति के लिए निरंतर प्रयत्न करता रहता है.



### कन्या शिक्षा परिसर में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**सीहोर.** कन्या शिक्षा परिसर में पालक-शिक्षक वार्ता एवं कृषि जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्राचार्या डॉ. विनीत गाबा ने अभिभावकों से संवाद करते हुए परीक्षा परिणाम, बालिकाओं की शैक्षणिक प्रगति,विभिन्न कार्यक्रमों, अनुशासन, सुरक्षा एवं विद्यालय के नियमों की जानकारी दी. कृषि विशेषज्ञ गौतम नायक ने अभिभावकों को जैविक एवं प्राकृतिक कृषि के महत्व से अवगत कराया. इस मौके पर प्रबंधक सत्येंद्र शर्मा, प्रशासक अशोक त्रिपाठी, उप प्राचार्य लोकेश आदि उपस्थित थे.




### राष्ट्रीय रेसलिंग में राजदीप ने जीता कांस्य पदक

**सीहोर.** उत्तराखंड के हरिद्वार में आयोजित नेशनल ग्रैप्लिंग रेसलिंग चैंपियनशिप में राजदीप यादव ने सीनियर वर्ग के 130 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है. जहां राजदीप ने दमदार प्रदर्शन से पदक अपने नाम किया. राजदीप ने आगामी एशियाई चैंपियनशिप के लिए भी अपना स्थान सुनिश्चित किया है. राजदीप विजेता रेसलर राजपाल यादव, मुकेश यादव पहलवान के भतीजे एवं मोहन यादव पहलवान के सुपुत्र हैं. इनकी उपलब्धि पर सतीश राठौर,रूद्रप्रकाश राठौर, राजाराम बड़े भाई, विवेक राठौर, नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, गोपाल यादव पहलवान, हरीश राठौर, राजू जायसवाल, राकेश शुक्ला, मनोज यादव, मनोज कुशवाह, कमलेश यादव, हेमन्त दरबार, माधव यादव, विष्णु सम्राट, प्रदीप चौहान, पप्पु यादव, पप्पु धाड़ी, दिनेश यादव आदि ने बधाई दी है.



### रजिस्ट्री में छोटी चूक बन सकती है नोटिस का कारण

**सीहोर.** टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन (एसटीपीए) द्वारा अचल संपत्ति के लेन-देन का कर निर्धारण एवं लेखांकन विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया. एसटीपीए द्वारा संपत्ति लेन-देन से जुड़े आयकर और लेखांकन प्रावधानों की व्यावहारिक जानकारी दी गई. उन्होंने कहा कि संपत्ति से जुड़े लेन-देन में स्टांप विक्रेता और सेवा प्रदाताओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण है. कार्यक्रम में एसटीपीए अध्यक्ष अभिषेक सुराणा ने अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत किया. सुमित झंवर ने अंशुल अग्रवाल का परिचय दिया. अधिवक्ता निर्मल रांका एवं सुशील मंत्री का स्वागत महेंद्र ठाकुर, प्रवीण मोहता, अजय सक्सेना, शैलेन्द्र जैन एवं अंकुश जैन ने किया. अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए. आयोजन में योगेश मेहता, महेश वर्मा, श्रेयांश बनवट, चंद्र प्रकाश बर्मन, सुमित जैन, संकल्प अग्रवाल, विवेक प्रजापति, दिलीप जैन सहित बड़ी सं या में लेखाकार, स्टा प विक्रेता, सेवा प्रदाता एवं कर विशेषज्ञ, अंकित जैन, मयंक तिवारी सहित अनेक लोग मौजूद थे.

# आज से उमड़ेगा दो दिवसीय आस्था का महाकुंभ

## श्रावण माह के अंतिम सोमवार को देवालयों व शिवालयों में रहेगी भीड़, मंगलवार को निकलेगी विशाल कावड़ यात्रा



**सीहोर.** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को उचित दिशा निर्देश दिए.

- आज सुबह से भारी वाहनों को डायवर्ट मार्गों से भेजेंगे
- भीड़ अधिक होने पर छोटे वाहन भी परिवर्तित मार्ग से जा सकेंगे

नवभारत न्यूज

**सीहोर 23 अगस्त. सावन माह के आखिरी सोमवार और फिर मंगलवार को निकलने वाली कांवड़ यात्राओं के लिए प्रशासन ने पुख्ता तैयारियां की हैं. हजारों की तादाद में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जहां हाईवे पर भारी वाहनों को डायवर्ट किया गया है, वहीं आवश्यकता पड़ने पर शहर के अंदरुनी क्षेत्रों में भी यातायात व्यवस्था को बदला जा सकता है.**

आज श्रावण मास का अंतिम सोमवार है. ऐसे में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारियों को अंजाम दिया है. इसके अलावा मंगलवार को पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा मंगलवार को निकाली जाने वाली विशाल कावड़ यात्रा में लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं.

आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर जिले में शांति, कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं. एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना ने रविवार को कांवड़ यात्रा ड्यूटी में तैनात पुलिस बल एवं सहयोगी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की ब्रीफिंग लेकर निर्देश दिए. विशेष सुरक्षा व्यवस्था 25 अगस्त तक प्रभावी रहेगी. कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए पुलिस बल को अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित कर प्रभारी अधिकारियों के नेतृत्व में तैनात किया गया है. व्यवस्था में राजपत्रित अधिकारियों के साथ स्थानीय पुलिस बल, बाहरी जिलों से प्राप्त पुलिस बल, होमगार्ड, एसडीआरएफ, वन विभाग और आबकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल किए गए हैं. इसके अलावा कोटवार और सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स की भी तैनाती की गई है.

ब्रीफिंग में एसपी ने संवेदनशील क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों पर सतत नजर रखने, महिला श्रद्धालुओं एवं बच्चियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने और कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए. हाईवे, मुख्य मार्गों और डायवर्जन रूटों पर नियमित मोबाइल पेट्रोलिंग के साथ फिक्स पिकेट्स पर तैनात जवानों को सतर्क रहने के लिए कहा गया. श्रद्धालुओं और आमजन से विनम्र एवं शालीन व्यवहार करने के निर्देश भी दिए गए.

### शहर के प्रमुख स्थानों पर भी यातायात व्यवस्था बदलेगी

शहर में कांवड़ यात्रा को देखते हुए यातायात पुलिस ने दो दिनों के लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान तैयार किया है. शहर में आने-जाने वाले वाहनों के मार्ग में बदलाव किया जाएगा .तहसील चौराहा और अन्य प्रमुख चौराहों पर भी यातायात व्यवस्था में बदलाव रहेगा तथा कांवड़ यात्रा के दौरान वाहनों को यात्रा मार्ग की ओर जाने से रोका जाएगा. मंडी की ओर से आने वाले वाहनों के लिए भी अलग डायवर्ट मार्ग रहेगा. यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा प्रमुख चौराहों पर बैरिकेडिंग की जाएगी. इंदौर नाका, क्रिसेंट चौराहा, बस स्टैंड सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर यातायात पुलिस की तैनाती रहेगी. आवश्यकतानुसार वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जाएगा. शहर के अंदर आने वाले ऐसे वाहन, जिन्हें कांवड़ यात्रा के कारण निर्धारित मार्ग से आगे जाने की अनुमति नहीं होगी, उन्हें चिन्हित स्थानों पर रोका जाएगा बाहर से आने वाले वाहनों के लिए तीन स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है. भोपाल की तरफ से आने वाले कांवड़ यात्रियों के वाहनों को अल्हादखेड़ी स्टेडियम के पास पार्क कराया जाएगा. भोपाल की ओर से आने वाले अन्य वाहनों के लिए पीजी कॉलेज के ग्राउंड के पास पार्किंग व्यवस्था रहेगी

### कावड़ यात्रा, रेलवे ने जारी की ट्रेनों की समय सारणी

25 अगस्त को आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए रेलवे ने सीहोर स्टेशन से आने-जाने वाली ट्रेनों की समय-सारणी जारी की है. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मक्सी-उज्जैन और भोपाल की ओर जाने वाली प्रमुख ट्रेनों की जानकारी उपलब्ध कराई गई है.

**मक्सी-उज्जैन की ओर जाने वाली ट्रेनें**

काचीगुड़ा-भगत की कोठी ट्रेन (17605) रात 1.41 बजे, वाराणसी-इंदौर (20413) सुबह 4.58 बजे, बिलासपुर-इंदौर (18234) सुबह 5.16 बजे, जबलपुर-इंदौर (22192) सुबह 6.08 बजे, भोपाल-उज्जैन (59320) सुबह 7.16 बजे, कटरा-डॉ. अंबेडकर नगर (12920) सुबह 8.38 बजे, नयनपुर-इंदौर (19344) सुबह 9.01 बजे, रीवा-डॉ. अंबेडकर नगर (11703) सुबह 9.50 बजे, भोपाल-दाहोद (19340) दोपहर 1.29 बजे, भोपाल-जयपुर (19712) शाम 5.16 बजे, भोपाल-डॉ. अंबेडकर नगर (19324) शाम 5.45 बजे, जबलपुर-वेरावल (11464) रात 9.01 बजे और भोपाल-इंदौर (19304) रात 11.51 बजे प्रमुख ट्रेनें हैं.

**भोपाल की ओर जाने वाली ट्रेनें**

डॉ. अंबेडकर नगर-रीवा (11704) रात 12.31 बजे, इंदौर-भोपाल (19303) सुबह 3.36 बजे, वेरावल-जबलपुर (11463/11465) सुबह 5.22 बजे, डॉ. अंबेडकर नगर-भोपाल (19323) सुबह 9.30 बजे, जयपुर-भोपाल (19711) सुबह 9-50 बजे, दाहोद-भोपाल (19339) दोपहर 2.14 बजे, भगत की कोठी-काचीगुड़ा (17606) दोपहर 3.19 बजे, डॉ. अंबेडकर नगर-कटरा (12919) शाम 4-10 बजे, इंदौर-नयनपुर (19343) शाम 4.23 बजे, अहमदाबाद-गोरखपुर (19489) शाम 7.14 बजे, उज्जैन-भोपाल (59319) रात 8.08 बजे, इंदौर-बिलासपुर (18233) रात 8.18 बजे और इंदौर-जबलपुर (22191) रात 10.26 बजे ट्रेनें हैं.

## संस्कृत सप्ताह में 31 तक होंगे कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सीहोर 23 अगस्त.** संस्कृत भाषा के संरक्षण, संवर्धन एवं जन-जन तक इसके प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से संस्कृत भारती द्वारा 25 से 31 अगस्त तक सात दिवसीय संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जाएगा.

जिलाध्यक्ष पं. पृथ्वीवल्लभ दुबे ने बताया कि 25 अगस्त को शुभारंभ पर तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी जाएंगी. 26 को घर-घर और विद्यालयों में संस्कृत के सरल वाक्यों का अभ्यास कराया जाएगा. 27 को श्लोक-पाठ, सुभाषित वाचन, संस्कृत भाषण, निबंध, सुलेख, प्रश्नोत्तरी और संस्कृत गीत जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी. 28 को विश्व संस्कृत दिवस मनाया जाएगा. 29 को संस्कृत साहित्य एवं संस्कृति दिवस के अवसर पर पुस्तक प्रदर्शनी, काव्य-पाठ, सुभाषित वाचन, परिचर्चा और व्या यान आयोजित होंगे. 30 को संस्कृत की वर्तमान उपयोगिता, रोजगार, शिक्षा और आधुनिक तकनीक में संस्कृत की भूमिका विषय पर गोष्ठी आयोजित होगी. वहीं 31 को समापन होगा.

## कुबेरेश्वर धाम में ह्रदयगति थमने से महिला की मौत

- नागपुर निवासी महिला अपने परिजनों के साथ आई थी
- निजी एंबुलेंस से महिला के शव को किया नागपुर रवाना

नवभारत न्यूज

**सीहोर 23 अगस्त.** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कुबेरेश्वर धाम में आई बुजुर्ग महिला श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई. प्रारंभिक जानकारी के ह्रदयाघात से मौत होने की आशंका है.

जानकारी के अनुसार नागपुर के समीप रहने वाली 70 वर्षीय कौशल बाई कवड़े कुबेरेश्वर धाम दर्शन के लिए आई थीं. बताया गया कि धाम परिसर में विश्राम के दौरान अचानक उनके सीने में दर्द हुआ और उनकी तबीयत बिगड़ गई. परिजन उन्हें उपचार दिलाने की कोशिश करते, इससे पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया. घटना के बाद परिजनों में मातम पसर गया. परिजनों ने शव को गृह नगर ले जानेनिजी एंबुलेंस की व्यवस्था की. वहीं पुलिस द्वारा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं. महिला की आकस्मिक मौत के बाद धाम में आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाओं पर सवाल अनेक खड़े हो रहे हैं.



## 24 घंटे में बरामद किए चोरी के जेवरात

- शनिवार को सुबह सूने मकान में हुई थी चोरी की वारदात
- फरियादी का कहना घर के अंदर से ही मिले जेवरात

नवभारत न्यूज

**बुधनी 23 अगस्त.** नगर के वार्ड 7 में शुक्रवार सुबह हुई लाखों रुपए की चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. घटना के 24 घंटे के भीतर चोरी गया माल बरामद कर लिया है. हालांकि मामले में पुलिस की ओर से अभी पुष्टि होना बाकी है.

शुक्रवार सुबह मकान में चोरी की वारदात सामने आई थी. फरियादी ने 6 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और 8500 रुपए नकद चोरी होने की जानकारी दी थी. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी थी. पुलिस द्वारा कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे थे. इसी बीच फरियादी ने पुलिस को सूचना दी कि चोरी गया माल घर के अंदर वापस मिला है. पुलिस मौके पर पहुंची और माल को अपने कब्जे में ले लिया. पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि चोरी के बाद माल घर के अंदर वापस कैसे पहुंचा.

## कॉलेज में ऊर्जा संरक्षण का लिया संकल्प

**सीहोर.** पीएमश्री कॉलेज में भारतीय अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया गया. प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और अक्षय ऊर्जा के अधिक उपयोग पर जोर दिया गया. शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण का संकल्प लिया. प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने कहा कि आधुनिक विकास के साथ प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन किया गया है.

## डाबरी में वन अमले ने हटाया अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**बुधनी 23 अगस्त .** वन अमले द्वारा ग्राम पंचायत डाबरी के अंतर्गत वन क्षेत्र में अतिक्रमण के प्रयास को विफल कर दिया गया.

संभागीय प्रबंधक ने बताया कि वन क्षेत्र में लगभग 2.991 हेक्टेयर वन भूमि पर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था. जानकारी मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा और वन भूमि पर अतिक्रमण रोका गया. कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण के प्रयास में काटी गई इमारती सागौन जब्त की गई. प्रकरण में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. गिरफ्तार आरोपियों में ग्राम भूराखेड़ा के निवासी महेश, पांडिया बारेला, राजेश काशीराम बारेला और कृपाल बारेला शामिल हैं. अतिक्रमण के प्रयास में उपयोग किए गए ट्रैक्टर को भी जब्त किया गया है तथा राजसात की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है.

## आवास सहायता के प्रकरणों का निराकरण

नवभारत न्यूज

**सीहोर23 अगस्त.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में छात्रवृत्ति, प्रोत्साहन एवं आवास सहायता योजना से प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया.

शिविर में प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने लंबित हितग्राही योजनाओं कि निराकरण पर चर्चा की और मार्गदर्शन दिया. कॉलेजों से प्राप्त छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना के प्रकरणों का परीक्षण किया गया. आवश्यक दस्तावेजों एवं लंबित कार्यवाहियों के संबंध में प्रभारियों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई. शिविर में डॉ गणेश लाल जैन, डॉ. सुशीला पटेल, डॉ. ज्योति नेसाम्सोस्ट, डॉ. मौली थॉमस, डॉ. सचिन खत्री, डॉ. जितेंद्र आर्य, श्री विकास ठाकुर उपस्थित थे.

## शूटिंग में तमन्ना ने किया सराहनीय प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 23 अगस्त.** शारदा विद्या मंदिर की छात्रा एवं 4 एमपी गर्ल्स बटालियन की कैडेट तमन्ना सिंह ने एसजीएफआई स्कूल गेम्स की अंडर-17 ओपन एयर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया.

प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम में किया गया. जिसमें तमन्ना ने शानदार स्कोरिंग करते हुए प्रतिभा का प्रदर्शन किया. तमन्ना सिंह नगर की एकमात्र शूटिंग खिलाड़ी थीं, जिन्होंने डिवीजन स्तर की इस स्पर्धा में भाग लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया. उनके प्रदर्शन से स्कूल परिवार एवं जिले का गौरव बढ़ा है. तमन्ना की इस उपलब्धि पर उनकी कोच सोनम सेन, पीटीआई कोच गौरव शर्मा, प्राचार्य अनीता उपाध्याय, धर्मेंद्र कुशवाहा, अमित गांधी, अताउल्लाह खान ने बधाई दी.



## दहोटा घाट शिव मंदिर पहुंची कावड़ यात्रा



**शाहगंज.** नगर में रविवार को खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में कावड़ यात्रा निकाली गई. कावड़ यात्रा की शुरुआत मां नर्मदा के प्राचीन सीढ़ी घाट से मां नर्मदा का पूजन अर्चन कर कावड़ में मां नर्मदा का जल भरकर हुई प्रारंभ कावड़ यात्रा के बस स्टैंड चौराहे पर पहुंचने पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया. कांवड़ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई 15 किमी दूर स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर दहोटा घाट पर पहुंची . कावड़ यात्रा में शामिल समस्त कावड़ियों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया. कावड़ यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. कावड़ यात्रियों द्वारा शिव मंदिर पर पूजन अभिषेक के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया.

**धार्मिक** — शहर के अनेक जनप्रतिनिधियों ने किया चल समारोह में शामिल समाजजनों का स्वागत

## मिलादुन्नबी पर बोहरा समाज ने निकाला भव्य चल समारोह

नवभारत न्यूज

**सीहोर 23 अगस्त.** ईद मिलादुन्नबी के पर दाऊदी बोहरा समाज द्वारा नगर में चल समारोह निकाला गया. चल समारोह बोहरा मस्जिद, कस्बा से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकला. समारोह का नेतृत्व बोहरा समाज के जनाब यूसुफ भाई जकवी ने किया. चल समारोह में समाज के बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए.

चल समारोह का नगर के अनेक स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा एवं स्वागत कर अभिनंदन किया गया. बोहरा समाज की नन्ही-मुन्नी बच्चियां आकर्षक बग्गियों में सवार होकर चल समारोह में शामिल हुईं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं.



इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, समाजसेवी अखिलेश राय, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती, सुदीप सम्राट, विवेक राठौर एवं घनश्याम यादव, ईरशाद पहलवान, नौशाद खान, गब्बर पहलवान सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी चल समारोह में शामिल हुए. सभी ने दाऊदी बोहरा समाज के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं.

चल समारोह के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं समाज सेवियों द्वारा बोहरा समाज अध्यक्ष अब्दुल हुसैन, मुस्तफा हुसैन, हुसैन अली जेकी, ताहिर अली, शब्बर सैफी, हकीम उद्दीन शुजाई, काईद जोहर, खुजेमा बाबा, बुरहान भाई पेट्रोल पंप वाले, शब्बी हुसैन सहित समाज के अन्य पदाधिकारियों एवं प्रमुख सदस्यों का सम्मान किया गया. आयोजन के माध्यम से दाऊदी बोहरा समाज ने धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्रेम, एकता और सद्भावना का संदेश दिया.